कर्मचारियों की आवास समस्या को हल करने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

उच्च श्रेणी रेलवे कंडक्टर, श्री दुबे पर घातक हमले के षडयंत्र की शिकायत

2169. श्री भागीरथ भंवर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 11 अक्तूबर, 1971 को पश्चिम रेलवे के कोटा स्टेशन पर उच्च श्रेणी के रेलवे कंडक्टर श्री एस० डी० दुबे, पर घातक हमले के षडयंत्र के बारे में शिकायत किस तारीख को प्राप्त हुई थी;

(ख) क्या कोटा के डिवीजनल सुपरिटेंडेंट को श्री दुबे पर घातक हमले के षडयंत्र के बारे में पूर्व सूचना दे दी गयी थी; और

(ग) शिकायत का सारांश क्या है और उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ?

रेल मंत्री (श्री के हनुमन्तैया) : (क) से (ग). 15-8-1971 को मण्डल अधीक्षक, कोटा को श्री दुबे से एक शिकायत मिली थी लेकिन उसमें श्री दुबे पर किसी घातक हमले के षडयंत्र का उल्लेख नहीं था । शिकायत, पहले दर्जे के सवारी डिब्बे पर स्टेशन हाउस अधिकारी, सरकारी रेलवे पुलिस, कोटा, एक चल टिकिट परीक्षक और एक बाहरी व्यक्ति द्वारा अनियमित रूप से कब्जा करने के संबंध में थी। सरकारी रेलवे पुलिस अधिकारी, कोटा ने श्री दुबे को भयंकर परिणामों की धमकी दी थी । यह शिकायत जांच के लिए पुलिस अधिकारियों को भेज दी गयी थी ।

जोधपुर स्टेशन पर बेकार पड़े वायल टैंक

2197. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान राज्य में जोधपुर स्टेशन पर वायल टैंक कुछ दिनों से लेकर महीनों तक बेकार पड़े रहते हैं;

(ख) क्या इस कारण रेलवे विभाग को प्रतिवर्ष लाखों रुपए की हानि उठानी पड़ती है; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके लिए उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) पिछले छः महीनों के दौरान ऐसे कुछ मौके आये जबकि जोधपुर भंडार डिपो, उत्तर रेलवे को बुक किए गये लदे टंकी माल-डिब्बे कुछ दिन तक रोके गये । ऐसा तब हुआ जब माल डिब्बे सामान्य सप्लाई क्षमता से अधिक संख्या में प्राप्त हुए ।

(ख) और (ग). चूंकि टंकी माल डिब्बों के इस प्रकार रुके रहने से रेल परिसम्पत्तियों के उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अतः यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही की गई है कि इस यातायात की बुकिंग नियमित की जाय ताकि डिपो की सप्लाई क्षमता से अधिक माल-डिब्बों की बुकिंग न होने पाये । इस आशय की भी हिदायतें जारी करदी गयी हैं कि यदि ऐसे माल-डिब्बे एक साथ आ जायें तो उन्हें अविलम्ब मुक्त करने का विशेष प्रयास अवश्य किया जाय ।

Foreign Exchange earned by Exporting Manganese Ore

2198. SHRI RAJA KULKARNI : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :